Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- भिवाडी में आरोपी सुभाष चन्द उर्फ सोनू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) आयकर विभाग भिवाडी जिला खैरथल तिजारा (भारत सरकार) 4,000/–रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जयपुर दिनांक 23 दिसम्बर, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भिवाडी द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सुभाष चन्द उर्फ सोनू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर संविदा आयकर विभाग भिवाडी जिला खैरथल तिजारा भारत सरकार** को **4000/– रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान के **महानिदेशक श्री गोविन्द** गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी भिवाडी को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी द्वारा अपने पुराने पेनकार्ड को बन्द करवाने के लिए आयकर विभाग भिवाडी में प्रार्थना पत्र देने पर भिवाडी कार्यालय के कर्मचारी सुभाष चन्द उर्फ सोनू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर ने परिवादी का पूराना पेनकार्ड बन्द करने के लिए 5,000/– रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस –तृतीय श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी भिवाडी के प्रभारी **उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल** टीएलओ द्वारा आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सुभाष चन्द उर्फ सोनू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर संविदा आयकर विभाग भिवाडी जिला खैरथल तिजारा (भारत सरकार) को परिवादी से 4,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।